तुमकूरु जिला स्तरीय अभ्यास पत्रिका -१

प्रतिदर्शी प्रश्नपत्रिका -2023-24

10 वीं कक्षा विषय - तृतीय भाषा हिंदी कुल अंक – 80 समय – **2:45** घंटा

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए। **8X1=8**

1. इनमें से बहुवचन रूप है। A. चीज़ B. किताब C. तारे D. बात
2. "बालक" शब्द का स्त्रीलिंग रूप है। A. बालकी B.बालिका C.बालक D.बालका
3. यह शब्द दीर्घ संधि का उदाहरण है। A. अत्यंत B.संग्रहालय C. सदैव D. नयन
4. "इन शब्दो में प्रथम प्रेरणार्थक रूप है। A. दिखाना B. देख C. दिखवाना D. देखना
5. "चढना" शब्द का विलोम शब्द है। A.चलना B.दौडना C. उतरना D. गिरना
6. "भाई-बहन" यह शब्द इस समास के लिए उदाहरण है। A. तत्पुरुष B. द्विगु C. द्वंद्व D. कर्मधारय
7. टेबुल------ चश्मा रखा था। A. में B. पर C. से D. को
8. मैं स्कूल जाता हूँ। वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है। A. अल्पविराम B. पूर्ण विराम C. प्रश्नवाचक D. आस्चर्य सूचक

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे साब्द से संबंधित शब्द लिखिए : **4X1=4**

9. कलाम जी के चचेरा भाई : शंसुद्दीन : : कलाम जी के जीजा :------------
10. कश्मीरी सेब : कहानी : : इंटरनेट क्रांति :--------------
11. मजदूरों के नेता : पंडित राजकिशोर: : बाल शक्ति टोली के नेता :------------
12. दया : धर्म का मूल है : : पाप का मूल : -------------

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4X1=4**

13. पं राजकिशोर कहाँ रहते थे ?
14. कंचे कौन-कौन खेलते थे ?
15. चुटकी दे-देकर हँसनेवाले कौन है ?
16. परमाणु किसे देखकर डरते हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **8X2=16**

17. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन का राय क्या है?
18. धूप का चश्मा खो जाने के प्रसंग का वर्णन कीजिए
19. सिंगफो आदिवासी किन-किन प्राणियों से मुलाकात की?
20. व्यापार और बैकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है?
21. कृष्ण, बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाता?
22. "प्रकृति पर सर्वत्र है, विजयी पुरुष आसी" इस पंक्ति का आशय समझाइए।
23. शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है। क्यों? अथवा टाइटन के बारे में लिखिए।
24. सत्य क्या होता है? उसका रूप कैसे होता है? अथवा सलमा, प्रकृति के बारे में क्या कहा?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9X3=27**

25. गिल्लू के आंतिम दिनों का वर्ण्न कीजिए।
26. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर फूला नहीं समाया। क्यों ?
27. बचेंद्री की जीवन से क्या सीख मिलती है?
28. बेईमानी के बारे में प्रेमचंद जी ने पाठ्कों को क्या सुझाव दिया है?
29. बसंत में निहित आदर्श गुणों को अपनी बातों में लिखिए।
30. कवि सियाराम शरण गुप्तजी ने समय का सदुपयोग के बारे में क्या कहा है?
31. मातृभूमि कविता में प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?
32. निम्न लिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों मे लिखिए।

    मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
    पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

33. निम्न गध्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी मे लिखिए।

मेरा जन्म मद्रास राज्य के रामेश्वरम में एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। मेरे पिता जैनुलाबदीन और माता आशियम्मा थे। मेरे माता-पिता को हमारे समाज में एक आदर्श दंपति के रूप में देखा जाता था।

VI. निम्न लिखित प्रश्नों का उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए। **2X4=8**

34. बेंगलूरु उद्योग केंद्र में विश्वविख्यात है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए। अथवा
    कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है। सोदहरण दीजिए ?
35. निम्न लिखित कवितांश पूर्ण कीजिए।

    असफलता एक ---------------------
    ------------------मत भागो तुम।

VII. गध्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर निम्नलिखित प्रश्नों को उत्तर लिखिए। **4X1=4**

36. सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य के लिए यह संभव नहीं है कि वह बिना किसी सहचर्य अथवा मैत्री के जीवनयापन करे। मानव इस जगत में मित्र और शतृ के बीच जीना ही सच्चा जीवन है। वास्तविक मित्रता एक अमूल्य रत्न है, क्योंकि सहज उपलब्द होनेवाली अथवा बाज़ार में बिकनेवाली वस्तु नहीं है। मानव इतिहास में लोग मित्रों के लिए अपने प्राण तक न्योछावर करते पाए गए हैं। निश्चय ही मित्रता एक संपदा है। जीवन की एक अनूठी उपलब्दी है।

प्रश्न :- 1) सच्चा जीवन क्या है? 2) मनुष्य कैसा प्राणी है?
3) वास्तविक मित्रता क्यों अमूल्य है? 4) मित्रता क्या है?

VIII. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **4X1=4**

37. क) **स्वच्छ भारत अभियान** * विषय प्रवेश * स्वच्छता का महत्व * स्वच्छता रखने के उपाय * उपसंहार

ख) **जन संख्या की समस्या** * विषय प्रवेश * कारण * परिणाम * उपसंहार

ग) **समय का महत्व** * विषय प्रवेश *अनमोल समय *समय का सदुपयोग *उपसंहार

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए। **5X1=5**

38. परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपनी माता के नाम पर एक पत्र लिखिए।

अथवा

बुकार के कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी माँगकर अपने प्रधानाध्यापक जी के नाम पर एक पत्र लिखिए।

****